आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार
दिनांकः 05.02.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रदेश में नए बने जिलों और संभागों को निरस्त करने पर विधानसभा में हंगामा–मुद्दे पर कल चर्चा होगी।
- जल संरक्षण के प्रति जनजागरुकता के लिए जलग्रहण यात्रा का शुभारंभ–बारां जिले से शुरू हुई यात्रा राज्य के 110 उपखंडों से गुज़रेगी।
- प्रदेश में आज से लागू एग्रीस्टैक योजना के लिए फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन।
- राज्य में अगले दो दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस गिरावट के आसार।

000

विधानसभा में आज प्रदेश में नए बने जिलों और संभागों को निरस्त किए जाने के बारे में स्थगन प्रस्ताव को लेकर हंगामा हुआ। विपक्ष के शोर–शराबे को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित की। हालांकि सदन की कार्यवाही फिर से शुरू होने पर भी विपक्ष का हंगामा जारी रहा। बाद में श्री देवनानी ने कहा कि दो विपक्षी सदस्य कल ये मामला उठा सकेंगे। इसके बाद सदन में मंत्री जवाब देंगे। वहीं, सचेतक जोगश्वर गर्ग ने घटनाक्रम का ब्यौरा मीडिया से साझा करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने बिना किसी तैयारी के नए जिलों की घोषणा कर दी थी। वहीं मौजूदा राज्य सरकार ने सोच–समझ कर इन्हें निरस्त किया है।

...............

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने आज सदन को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार प्रदेश में पीएम कुसुम योजना को बढ़ावा देकर आगामी दो सालों में किसानों को खेती के लिए दिन में बिजली उपलब्ध कराने के संकल्प को साकार कर सकेगी। उन्होंने प्रश्नकाल में सदस्यों द्वारा पूछे गए पूरक प्रशनों के जवाब में कहा कि प्रदेश में 33 केवी के जिन सब स्टेशनों पर पीएम कुसुम योजना के तहत सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किये जा चुके हैं, उनसे संबद्ध 11 केवी फीडरों पर प्राथमिकता से सामान्य श्रेणी के कृषि कनेक्शन जारी किये जाएंगे। श्री नागर ने बताया कि जयपुर, जोधपुर और अजमेर विद्युत् वितरण निगमों में 17 हजार 155 मेगावाट क्षमता के 6 हजार 560 सोलर पावर प्लांट्स के लिए स्थान चिन्हित किये गए हैं।

000

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जल लाए धन–धान्य थीम पर आधारित वाटरशेड यात्रा का शुभारंभ किया। श्री चौहान ने इस अवसर पर सभी का आह्वान किया कि अपने लिए और अपनों के लिए पानी और मिट्टी बचाएं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि पानी और मिट्टी के संरक्षण के लिए अगले दो सालों के लिए जनभागीदारी प्रतियोगिता भी शुरू की गई है। इसमें श्रेष्ठ काम करने वाली परियोजनाओं को अतिरिक्त 20 लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा।

इधर, प्रदेश में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत आज से जलग्रहण यात्रा की शुरूआत बारां जिले से हुई। जिला कलेक्टर रोहिताश्व तोमर ने जिले की किशनगंज ग्राम पंचायत से यात्रा की शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्रमदान, वृक्षारोपण, कलश यात्रा और जल संरक्षण शपथ के कार्यक्रम हुए। जलग्रहण यात्रा राज्य के लगभग 110 ब्लॉकों से गुज़रेगी। इस यात्रा के लिए दो रूट तय किए गए हैं। पहले में राज्य के 14 जिलों की 61 परियोजनाएं हैं। वहीं दूसरे भाग में 16 जिलों की 49 परियोजनाएं शामिल हैं। जिला कलेक्टर ने बताया कि यात्रा के माध्यम से वर्षा जल संचयन, मिट्टी संरक्षण और कृषि क्षेत्र में उत्पादन को बढ़ावा देने का संदेश दिया जाएगा।

...............

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार संकल्प पत्र में किये गए एक–एक वादे को पूरा कर रही है। किसान कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश के किसानों को मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि से लाभान्वित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री आज जालौर जिले के नरसाणा में आयोजित एक धार्मिक महोत्सव में बोल रहे थे।

...............

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि मंदिर लोगों की आस्था के साथ–साथ सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना का भी केन्द्र हैं।

...............

प्रदेश में आज से एग्रीस्टैक योजना लागू की गई है। इसके तहत प्रदेशभर में 31 मार्च तक शिविर आयोजित किये जाएंगे। किसानों को 11 अंकों वाली विशिष्ट फार्मर आई.डी. दी जाएगी। इस आई.डी. के माध्यम से किसान विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। साथ ही किसानों को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री आरोग्य आयुष्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड मंगला पशु बीमा योजना, पशु टीकाकरण, चिकित्सा और उपचार सहित अन्य योजनाओं को फायदा मिल सकेगा। डूंगरपुर में जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने जेलाना और कारोली पंचायत समिति में लगे शिविरों को जायज़ा लिया।
उधर, बाडमेर में रजिस्ट्री शिविरों के प्रति किसानों में उत्साह नज़र आया। जिले में आज नेड़ी, नाड़ी, आलपुरा, चाड़ार और तामलोर सहित अन्य ग्राम पंचायतों में ये शिविर लगाए गए। करौली और अजमेर में लगे शिविरों में भी बड़ी संख्या में किसान पहुंचे।

000

दिल्ली में सत्तर सीटों वाली विधानसभा के चुनाव के लिए आज मतदान हुआ। शाम पांच बजे तक लगभग 57 प्रतिशत से अधिक मतदान की खबर है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, केंद्रीय मंत्री डॉ. एस जयशंकर और हरदीप सिंह पुरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी सहित कई गणमान्य लोगों ने भी मताधिकार का प्रयोग किया। इस चुनाव में कुल छह सौ निन्यानवे उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। दिल्ली में एक करोड़ 56 लाख से अधिक पंजीकृत मतदाता हैं।

000

खबरें महाकुंभ से –

...............

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। एक सोशल मीडिया पर पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि संगम पर स्नान करना दिव्य जुड़ाव का क्षण है। उन्होंने कहा कि इसमें भाग लेने वाले करोड़ों अन्य लोगों की तरह वे भी भक्ति की भावना से भर गए। श्री मोदी ने आशा व्यक्त की कि मां गंगा देशवासियों को शांति, ज्ञान, अच्छे स्वास्थ्य और सद्भाव का आशीर्वाद देंगी।
केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी आज सुबह महाकुंभ में संगम में पवित्र डुबकी लगाई। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री रिजिजू ने कहा कि सभी श्रृद्धालुओं को मेला प्राधिकरण के दिशा–निर्देशों का पालन करना चाहिए।
इधर, प्रदेश से महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रोडवेज और रेल्वे की ओर से खास इंतजाम किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज शाम चार बजे जोधपुर के भगत की कोठी रेल्वे स्टेशन से मेला स्पेशल रेलगाड़ी रवाना हुई। वहीं जयपुर से प्रयागराज जाने के लिए आज से नई उड़ान सेवा भी शुरू हुई।

...............

राज्य में पश्चिमी विक्षोभ के असर से हुई हल्की बारिश के बाद एक बार फिर सर्दी का असर थोड़ा बढ़ गया है और दिन के तापमान में मामूली गिरावट आई है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार उत्तरी हवाओं के प्रभाव से अगले दो दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की और गिरावट होने से सुबह–शाम ठंड बढ़ने के आसार हैं। इस दौरान शेखावाटी अंचल में कहीं–कहीं शीतलहर चल सकती है।
वहीं आज सबसे कम 3 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान सीकर के फतेहपुर में रहा। हनुमानगढ के संगरिया में 4, नागौर में 4 दशमलव 5, बीकानेर के लूणकरणसर में 5 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड हुआ। सीकर, चित्तौडगढ़, करौली, दौसा, चूरू, जालौर पिलानी और डबोक में भी न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। इस बीच, बीते 24 घंटों में सभी शहरों में दिन का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया।

000

पाली जिले के जवाई बांध से आज सहायक बांध सिंदरु में पानी छोड़ा गया। जवाई बांध के अधिशासी अभियंता अक्षय कुमावत ने बताया कि बांध की चौथी पाण के लिए पानी खोला गया। उन्होंने बताया कि नहर और वितरिकाओं के माध्यम से 57 गांवों को पानी मिलेगा। इससे 38 हजार किसान लाभान्वित होंगे।

...............

उत्तराखंड में चले रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में राजस्थान के दल ने अब तक छह स्वर्ण, तीन रजत और तेरह कांस्य पदक सहित कुल 22 मेडल हासिल किये हैं। राजस्थान के शुभम गोरा ने 75 किलो भार वर्ग में वुशु में गोल्ड मेडल जीता है। राजस्थान ने कयाकिंग और केनुइंग में गोल्ड और साइकलिंग की टीम स्प्रिंट स्पर्धा में रजत पदक पर कब्जा जमाया।

000